खंड–3 अंक–113 दिनांक– 21/12/2018

प्रतिबंधित संचलन

के. रि. पु. बल ई–संवाद

सेवा एवं निष्ठा

परिचालनिक उपलब्धियां

13/12/2018 को सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस ने एक संयुक्त आपरेशन में झारखंड के गुमला जिले में नक्सलियों के एक छिपने के ठिकाने को ध्वस्त किया। आसूचना पर कार्रवाई करते हुए 158 बटा और 218 बटा सीआरपीएफ और राज्य पुलिस ने माओवादियों द्वारा कथित तौर पर इकठ्ठा किए बड़ी मात्रा में हथियारों और गोलाबारूद का पता लगाया।

बरामद किए गए हथियारों में 1 एकेएम राइफल, एक 12 बोर डबल बैरल गन, एक .315 राइफल, 02 पिस्टल, एक एकेएम की मैगज़ीन, एकेएम के 10 जिंदा राउंड और 8 एमएम के 5 जिंदा राउंड शामिल हैं। अमोनियम नाइट्रेट की 12 जिलेटिन छड़ें जिनका वज़न लगभग 1.25 किग्रा और 1.5 किग्रा है, 20 डेटोनेटर, 10 मीटर सेफ्टी फ्यूज़ और 2 स्टील कंटेनर्स उनके ठिकाने बरामद कर ज़ब्त किए गए।

वित्तीय योजना और प्रबंधन पर सेमिनार

19 दिसंबर 2018 को सेक्टर मुख्यालय, रांची, झारखंड में झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा अपने कर्मियों के लिए सेबी और बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज के अधिकारियों के सहयोग से वित्तीय योजना और प्रबंधन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए सीआरपीएफ की विभिन्न यूनिटों के 150 कर्मियों को वित्तीय योजना, निवेश जानकारी और संबंधित धोखाधड़ी की बारीकियों के बारे में बताया गया।

वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित

19/12/2018 को 154 बटा सीआरपीएफ द्वारा शौर्य चक्र विजेता शहीद हीरा कुमार झा, द्वि.क.अ. की स्मृति में जी/154 बटा सीआरपीएफ कंपनी स्थल पर दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।